कार्यालय प्राचार्य
स्व.बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
Email. Id - govtcollegekumhari@gmail.com, website- gnckumhari.in/

कुम्हारी, दिनांक 28/07/2025

क्रमांक 420 / स्था./2025

## // अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायता हेतु विस्तृत विज्ञापन //

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर का पत्र क्रमांक File No .:ESTB-1027/1216/2025/38-1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23/07/2025 एवं कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा का आदेश क्रमांक 289/01/आउशि/राज.स्था./2025 दिनांक 23/07/2025 के निर्देशो के परिपालन में छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के ज्ञापन क्रमांक एफ 3–54/स्था./2020/38–1, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक20/06/2025 द्वारा पारित अतिथि व्यख्याता नीति 2024 के अंतर्गत स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी, जिला – दुर्ग (छ.ग.) में योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से सहायक प्राध्यापक/क्रीड़ा अधिकारी/ग्रंथपाल के रिक्त पद के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक/अतिथि क्रीड़ा अधिकारी/ अतिथि ग्रंथपाल आवेदन पत्र किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण –पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक **06/08/2025** को सायं 5:00 बजे तक केवल पंजीकृत डाक अथवा वाहक के हस्ते या स्वयं महाविद्यालय के कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अतिथि व्याख्याता नीति – 2024 का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल/वेबसाईट **gnckumhari.in/** से अवलोकन किया जा सकता है।

### आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता –

1. अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि क्रीड़ा अधिकारी को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख – रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक/ग्रंथपाल सहायक/क्रीड़ा सहायक के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

2. आयु सीमा – अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक। अतिथि ग्रंथपाल/अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि ग्रंथपाल सहायक /क्रीड़ा सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक।

3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

## विषय / पदों का विवरण

| क्रमांक | विषय | सहायक प्राध्यापक |
|---|---|---|
| 01 | गणित | 01 पद |

| क्रमांक | रिक्त पद का नाम | रिक्त पद |
|---|---|---|
| 01 | क्रीड़ा अधिकारी | 01 |
| 02 | ग्रंथपाल | 01 |

<u>टीप :–</u> संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अथिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

<u>शर्ते :–</u>

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम. फिल, पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
02. दिनांक **06/08/2025** तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में ऑफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में ऑनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
03. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
04. प्राप्त आवेदनों पर पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक **08/08/2025** को महाविद्यालय के सूचना पटल व महाविद्यालय के वेबसाईट **gnckumhari.in/** पर प्रकाशित किया जायेगा।
05. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा – आपत्ति की तिथि **12/08/2025** सायं 5 बजे तक होगी।
06. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक **13/08/2025** को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय के सूचना पटल व महाविद्यालय के वेबसाईट **gnckumhari.in/** पर किया जावेगा।
07. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय /अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी

विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत /कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।

08. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता हैं, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

09. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

10. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा :–

| क्र | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| **(अ) 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये** | | | |
| 1 | 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 400/– | 300/– |
| 2 | चार कालखंडों के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600/– (41,600/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/– (30,000/– प्रतिमाह अधिकतम) |
| **(ब) 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये** | | | |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500/– | 350/– |
| 4 | चार कालखंडों के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000/– (50,000/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1400/– (35,000/– प्रतिमाह अधिकतम) |
| **(स) दैनिक मानदेय** | | | |
| 5 | विवरण | अतिथि ग्रंथपाल/क्रीड़ा अधिकारी | अतिथि ग्रंथपाल सहायक/अतिथि क्रीड़ा सहायक |
| 6 | दैनिक मानदेय (प्रति दिवस न्यूनतम 07 घंटा कार्य अवधि ) | 1600/– (41,600/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/– (30,000/– प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदन बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता **प्राचार्य, स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी, जिला – दुर्ग, पिन – 490042** एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखें।

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक नहीं कहलायेंगे।

13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।

14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

15. कक्षाओं के संचालन के साथ –साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।

16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

Satsangi

डॉ0(श्रीमती) सोनिता सत्संगी
प्राचार्य

प्राचार्य
स्व. बिन्देश्वरी बघेल शास. महाविद्यालय
कुम्हारी (दुर्ग)